<u>सन्देश</u>

पारसी नव वर्ष के पावन अवसर पर, मैं सभी देशवासियों विशेषकर अपने पारसी भाइयों और बहनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

पारसी समुदाय ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और उद्यमिता के माध्यम से हमारे राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। भारत की समावेशी संस्कृति सभी देशवासियों को परस्पर मिल-जुल कर रहने की प्रेरणा देती है।

मेरी कामना है कि पारसी नव वर्ष का यह विशेष अवसर हम सभी के जीवन में समृद्धि, शांति और सद्भाव लेकर आए और आपसी भाईचारे के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करे।

****